

## भैंस चोर गिरोह सक्रिय
# एक ही रात में दो भैंस चोरी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 16 सितम्बर, मऊगंज जिला में इन दोनों महेश चोरों का गिरोद सक्रिय है आए दिन भैंस चोर गिरोह भैंसों को चुपचाप रात्रि में चोरी कर पिकअप वाहन या अन्य माध्यमों से उठाकर ले जाता है.**

उल्लेखनीय है कि मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही पशु चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है. बीती 13 और 14 सितंबर की दरम्यानी रात सगरा चौराहा के पास ग्राम पंचायत पतुलखी छत्रपाल में व्यास मुनि मिश्रा पिता शंकर प्रसाद मिश्रा (राल्ली) के घर से चोर दो भैंस चोरी कर ले गए जानकारी के अनुसार दोनों भैंस रात को समय घर में बंधी हुई थीं.

चोरों ने कथित तौर पर भैंसों को घर में घुस सकरी खोलकर वहां से निकाल लिया और उन्हें अपने साथ ले गए. सुबह जब परिजनों को भैंसें दिखाई नहीं दीं तो उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका. घटना के बाद टटीहरा स्कूल के पास एक पिकअप वाहन खड़े होने तथा उसमें भैंसों को लोड किए जाने से संबंधित सुराग मिलने की बात सामने आई है. यह सुराग पशु चोरी की घटना की जांच में अहम माना जा रहा है. हालांकि पिकअप वाहन और चोरी की घटना के बीच संबंध की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी. शाहपुर थाना क्षेत्र में पशु चोरी की यह पहली घटना नहीं है. कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत संगहन में पांडे परिवार के घर से भी रात के समय दो भैंस चोरी होने की जानकारी सामने आई थी. कम समय के अंतराल में पशु चोरी की दो घटनाएं सामने आने के बाद ग्रामीणों के बीच क्षेत्र में पशु चोर गिरोह सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है. लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पशुपालकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. ग्रामीणों ने पुलिस से रात के समय गश्त बढ़ाने, संदिग्ध वाहनों की जांच करने तथा पूर्व में हुई पशु चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है. फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है.

# 2180 हितग्राहियों को नि :शुल्क रजिस्ट्री का मिलेगा लाभ

सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश, कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की



**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 16 सितम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक (टीएल) में 17 सितम्बर से 'सेवा संकल्प अभियान' के साथ-साथ स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना का भी शुभारंभ किया जा रहा है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्पूर्ण प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना को उत्सव के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए हैं. इस योजना के माध्यम से प्रदेश भर में 50 लाख लोगों को नि:शुल्क रजिस्ट्री का लाभ मिलेगा. जिले में भी 2180 हितग्राहियों को नि:शुल्क रजिस्ट्री के माध्यम से उनकी संपत्ति के पुख्ता दस्तावेज प्राप्त होंगे. उन्होंने ने बताया कि मऊगंज जिले में 58 ग्राम पंचायतों में 65 गाँवों में अभियान के तहत शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों की नि:शुल्क रजिस्ट्री का कार्य किया जायेगा. इसके लिये जिले के 58 पटवारी, 10 तहसीलदार, पंचायत सचिव, जीआरएस एवं स्थानीय युवा का सहयोग भी लिया जायेगा. अभियान के तहत राजस्व विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव, पटवारी और रोजगार सहायक मिलकर प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को नि:शुल्क रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाएं जाएंगे. कलेक्टर ने आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने इस संबंध में कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार कर समय-सीमा में दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित किया जाए.

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आगामी 18 सितम्बर को सीएफटी भवन उमरीमाधव ग्राम पंचायत हिड़वार, मऊबगदरा, बरयाकला, उमरीमाधव, देवरी शिवमंगल सिंह, बरहटा, भाठी सेंगर, बहेराडाबर, रकरी, दुबगवां दुबान, मुदरिया चौबान पंचायतें शामिल होंगी. अधिकारी कैम्प के पूर्व ग्राम से जुड़ने वाले गांवों में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुने. बैठक में निर्देश दिए कि जिले में पेयजल की गुणवत्ता अथवा दूषित पानी की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करें.



# भाटी गांव से लगे वार्ड क्रमांक -12 में नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 16 सितम्बर, हनुमान नगर परिषद के ग्राम भाटी से लगे हुए वार्ड क्रमांक 12 में नाली के अभाव में घरों में पानी घुस रहा था.**

समस्या को मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से उठाये जाने के बाद हरकत में आए नगर परिषद प्रशासन ने आनन फानन में नाली खुदाई तो करवा दी. लेकिन निर्माण काम नहीं चालू किए जाने के चलते कई दिनों तक लगातार होती रही बारिश से नाली के लिए खोदे गए गड्ढे लोगों के सर दर्द बन गए थे आए दिन लोग नाली के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर रहे थे वही एक दिन शिव प्रसाद केसरवानी का एक वर्ष का पौत्र नाली में गिर पड़ा था और घंटों पड़ा रहा यह तो संयोग था कि शिव प्रसाद की पत्नी मार्केट से आई और जैसे ही द्वार पर पानी निकाल कर स्नान करने के लिए बैठी उसकी निगाह नाली में गिरे बच्चे पर पड़ गई बच्चों को देखते हैं उसके होश उड़ गए तत्काल गड्ढे में कूद कर बच्चों को उठाया बच्चे की गंदगी पोस्ट कर तत्काल डॉक्टर को भी दिखाया डॉक्टर ने उसे स्वस्थ बताया तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली आया.

इस विषय को भी समाचार पत्रों में प्रशासन के पश्चात हरकत में आए नगर परिषद प्रशासन ने नाली का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है.

# विद्युत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 16 सितम्बर, हनुमना की विद्युत समस्या को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया गया. मौके पर पहुंचे एसडीएम को विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन पत्र सौंप कर निराकरण की मांग की गई.**





हनुमना में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा एवं मंडलम अध्यक्ष दिव्यकांत त्रिपाठी के आयोजकत्व में बिजली संबंधी जनसमस्याओं को लेकर आयोजित धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी सम्मिलित हुए. पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने आरोप लगाते हुए कहा कि समूचा क्षेत्र विद्युत समस्या से जूझ रहा है. एक ओर जहा मनमानी बिल दिया जा रहा है वही दूसरी तरफ अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, इसे बर्दास्त नही किया जायेगा. उन्होने कहा कि अगर समस्या का निराकरण जल्द से जल्द नही हुआ तो उग्र आंदोलन विद्युत समस्या को लेकर पूरे जिले में किया जायेगा. इस दौरान विद्युत बिलों में अनियमितता, मनमाने ढंग से बिल रीडिंग, लगातार विद्युत कटौती एवं बिना सूचना विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए जाने जैसी गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया. आमजन एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखी गई. प्रदर्शन में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमाकांत पटेल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शिवलाल साकेत, सीताशरण विश्वकर्मा, रजनीश सिंह, बसन्त कोल, मिस्त्री लाला साकेत, दिनकर रलही, रिंकू सिंह, प्रदीप गौरी, शंकर सिंह नेताम, शिवराम तिवारी, अमृत लाल शुक्ला, विद्यानिवास मिश्रा, अशोक पटेल, विनोद बरही सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. साथ ही अनुविभागीय अधिकारी, विद्युत विभाग के डीई एवं एई मौजूद रहे.

# मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम पर हुआ संवाद

**नवभारत न्यूज**

**देवतालाव, 16 सितम्बर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाव में राष्ट्रीय कार्यबल के अंतर्गत उच्च शिक्षा संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या की रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और विपरीत परिस्थितियों में सहायता लेने को लेकर संवाद किया गया. कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. विजय मिश्रा ने किया. मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनिवास पटेल रहे. कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की सखियां भी शामिल हुईं. उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं तथा उपलब्ध सहायता एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर रामरतन मिश्रा ने तनाव प्रबंधन विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया. रामरतन मिश्रा मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर हैं. उनकी शैक्षणिक योग्यता एमबीए एवं एमएसडब्ल्यू है. वहीं पूर्व छात्र एवं मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर मनु पाण्डेय ने भी विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की. वक्ताओं ने कहा कि पढ़ाई, व्यक्तिगत जीवन या अन्य कारणों से होने वाले तनाव को नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते परिवार, मित्र, शिक्षक अथवा काउंसलर से संवाद करना चाहिए. कार्यक्रम में प्रो. रजनीश त्रिपाठी, डॉ. दिवाकर शर्मा, विपिन द्विवेदी, विपेन्द्र द्विवेदी एवं अभिलाषा सिंह सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## कार एवं बाइक में भिड़ंत, 4 लोग घायल

सिंगरौली 16 सितम्बर। कुंदवार पुलिस चौकी क्षेत्र के मड़वा-सरौंधा तिराहा के समीप आज बुधवार की दोपहर के समय मोटरसाइकिल एवं ओमिनी कार के बीच भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के 4 लोग घायल हो गये। घायलो को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार आज बुधवार को दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई। जहां वाहन में सवार करीब चार लोगों को चोटे आई हैं। दरअसल जिस वक्त यह सड़क हादसा हुआ, उस दौरान पुलिस एक दशगात्र कार्यक्रम में हुई घटना को लेकर घायलो को अस्पताल के लिए रवाना कर रही थी।

# मंदिर का ताला तोड़कर राधा-कृष्ण की मूर्ति की क्षतिग्रस्त

## बहेरा डाबर गांव में हनुमान जी एवं दुर्गा जी के मंदिर का मामला

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 16 सितम्बर, हनुमान जनपद क्षेत्र के बहेरा डाबर गांव में हनुमान जी एवं दुर्गा जी के मंदिर का ताला तोड़कर गांव के ही शिवासू सिंह उपाख्य शिब्बू सिंह चौहान द्वारा एक ही परिसर में स्थित हनुमान जी महाराज एवं दुर्गा जी के मंदिर का ताला तोड़कर जहां मंदिर के पाइप आदि तोड़कर क्षतिग्रस्त किया.**

उसके बाद भी संतोष नहीं हुआ तो मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त करते हुए भगवान राधा कृष्णका चांदी का मुकुट एवं हनुमान जी का चांदी की आंख निकाल कर समूचे हिंदू समाज के आस्था पर चोट पहुंचा है.

बताया जाता है की मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया इतना ही नहीं सरपंच विनय सिंह की माने तो मंदिर में रखें पूजा पाठ की सामग्री बर्तन घंटी पुस्तक एवं तस्वीरें तक बाहर फेंक दी वही पुजारिन लीलावती तिवारी ने भी बताया कि यह कई बार मंदिर में ताला तोड़कर चोरी कर चुके हैं और अक्सर शराब पीकर आते हैं गाली गलौज करते हैं इस बार भी शराब के नशे में आए और गाली गलौज करने लगे मेरी बेटी को मुझे तथा सरपंच को भी गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे और मंदिर का ताला तोड़कर उपरोक्त को कुकृत्य किए हैं. वहीं आरोपी के परिवार के चाचा ने उपरोक्त आरोप लगाते हुए कहा है कि इसके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए. नाम जब रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच कर रही है देखना है कि सनातन धर्म और संस्कृति के साथ इस प्रकार घिनौना मजाक करते हुए समस्त सनातन धर्मियों के आस्था पर चोट पहुंचाने वाले पर क्या कार्यवाही होती है.

# डॉ . राघवेंद्र बने सीधी जिले में डीएसपी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 16 सितम्बर, हनुमना विकास खंड अंतर्गत ग्राम जमुनिया निवासी डॉ राघवेंद्र द्विवेदी सीधी जिले में एक बार फिर से पदस्थ हुए हैं.**

और उन्हें सीधी मुख्यालय के डीएसपी की जिम्मेदारी पुलिस महक में के द्वारा सौंपी गई है. वर्ष 1988 में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती हुए थे और तब से लेकर आज तक पुलिस विभाग में अपनी अनवरत रूप से सेवाएं दे रहे हैं. बीते दिवस पुलिस विभाग के द्वारा प्रदेश भर में 137 पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की गई है जिसने सीधी मुख्यालय में पदस्थ डीएसपी सुजीत कड़वे की जगह डॉ राघवेंद्र द्विवेदी ने दी है. वहीं डीएसपी सुजीत कड़वे का स्थानांतरण अनूपपुर जिले के लिए हुआ है. मध्य प्रदेश के सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सतना, पन्ना, रीवा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं प्रदान की है. पहली बार थाना प्रभारी के रूप में तब के सीधी जिला और अब सिंगरौली जिले के बैढ़न थाना में 22 साल की उम्र में पहली बार सेवाएं दी थी. श्री द्विवेदी काफी तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी हैं.

# घर-आंगन सहित प्रमुख स्थलों में जलेंगे दीपक आज

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 16 सितम्बर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिवस 17 सितंबर की शाम 7 बजे जिले में भव्य दीप प्रज्वगलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.**

इस अवसर पर जिले भर में 12 लाख 51 हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वभलित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के गरीबों, किसानों और युवाओं के कल्याण तथा विकास के लिए किए गए कार्यों और सुशासन के प्रति जन-आभार व्यक्त किया जाएगा. कलेक्टसर संजय कुमार जैन ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा से संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिले में विभिन्न जनसेवा, जागरूकता, सहभागिता एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी.

17 सितंबर दिन गुरुवार को शाम 7 बजे जिले की ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय के वार्डों के अलावा सभी में प्रमुख स्थलों आशीर्वाद का दीया जलाएंगे.

# स्कूल की कक्षा में राजनीतिक प्रचार

## कांग्रेस का गमछा पहनकर पहुंचा व्यक्ति, छात्राओं से भरवाया जा रहा विवरण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 सितम्बर। जिले के एक विद्यालय की कक्षा में कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न वाला तिरंगा गमछा पहने एक व्यक्ति के पहुंचकर छात्राओं के बीच राजनीतिक कार्यक्रम का प्रचार करने का मामला सामने आया है।**



कथित वीडियो में कक्षा 9वीं-10वीं की छात्राओं के बीच मौजूद व्यक्ति इंदौर में 19 सितंबर को होने वाले राहुल गांधी के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पहुंचने की अपील करता नजर आ रहा है। मामला जिले के दूरस्थ अंचल शाउमा विद्यालय लंघाडोल का बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति छात्राओं से क्यूआर कोड स्कैन कर नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर और जिला जैसी जानकारी दर्ज करने के लिए भी कह रहा है। वह पेपर लीक और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े मुद्दों का हवाला देकर कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहता दिखाई देता है। मामले ने विद्यालयों में राजनीतिक गतिविधियों की अनुमति और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी है कि पार्टी का प्रचार करने वाला व्यक्ति विद्यालय की कक्षा तक किसके अनुरोध अथवा अनुमति से पहुंचा जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा कार्यालय अथवा विकासखंड शिक्षा कार्यालय स्तर से ऐसी किसी राजनीतिक गतिविधि के लिए अनुमति जारी नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से वीडियो की जांच, संबंधित व्यक्ति के विद्यालय में प्रवेश और बच्चों से निजी जानकारी लेने के मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना :-

ऐसी जानकारी मिली है। लंघाडोल विद्यालय के प्राचार्य से प्रतिवेदन मांगा गया है, प्रतिवेदन आने पर आगे की कार्रवाई की जावेगी।

**कविता त्रिपाठी**
डीईओ, सिंगरौली

# कैट का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 16 सितम्बर, महेश ठारवानी के मुख्य आतिथ्य अशोक दौलतानी व अभिषेक करें के विशिष्ट आतिथ्य शंकर लाल की अध्यक्षता एवं संपतदास के कुशल संचालन में मऊगंज के कैट व्यापारियों का शपथ ग्रहण एवं एवं सम्मान समारोह जहां संपन्न हुआ.**






वही पहली बार मऊगंज जिले में हुए इस राष्ट्रीय स्तर की व्यापारियों के संगठन कार्यक्रम में जिले भर के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. उल्लेखनीय है कि नोवा प्लैटिनियम होटल के ऐतिहासिक वेंकट हाल में आयोजित के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला महामंत्री संपत्ति दासगुप्त द्वारा किए गए. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लक्ष्मी नारायण के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया. पश्चात जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता महिला विंग की जिला अध्यक्ष शरद गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष चंद्रप्रभा गुप्ता द्वारा समस्त अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्प कुछ देकर सम्मान किया गया. तत्पश्चात् मऊगंज जिले के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों व सदस्यों को मुख्य अतिथि प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश ठारवानी द्वारा शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ठारवानी ने कहा कि कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स 'कैट' का गठन मध्य व निचले स्तर के व्यापारियों के हित संरक्षण हेतु देश के पूर्व प्रधानमंत्री देश प्राण अटल बिहारी वाजपेई की सोच का परिणाम है. उन्होंने ही आज से तकरीबन 30 वर्षों पूर्व जब देखा कि देश की जीडीपी का 23% योगदान छोटे व्यापारी ही हैं. लेकिन उनके लिए ना तो शासन प्रशासन न ही कोई ऐसा संगठन है जो उनके ऊपर आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आगे आए तथा उन्होंने कैट जैसी संस्था का गठन किया आज समोसे देश में प्रत्येक राज्यों में जिले ही नहीं तहसील स्तर तक में हमारी इकाई कम कर रही है आज चांदनी चौक के संसद के रूप में भी हमारी इकाई का व्यक्तित्व संसद में हमारा प्रतिनिधित्व कर रहा है. यही कारण है कि आज ठेला व्यापारी या फुटपाथ तथा मध्यम वर्ग के व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भी अनेक ऐसी योजनाएं चलाई है जिससे बिना किसी गारंटी के उन्हें अपने व्यवसाय के संचालन में आर्थिक सहायता मिल सके उन्होंने कैट द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा मुद्रा लोन की घोषणा किए जाने का उल्लेख करते हुए बताया की मुद्रा लोन एक ऐसा लोन है जिसे छोटा से छोटा व्यापारी भी 10000 से लेकर 2 लाख तक का लोन बिना किसी गारंटी के प्राप्त कर सकता है लेकिन ऐसी योजनाओं का अधिकांश व्यापारियों को पता ही नहीं होता.